प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

30 सितंबर 2024

बैंक ऋण का क्षेत्र-वार अभिनियोजन – अगस्त 2024

अगस्त 2024[1] महीने के लिए 41 चुनिंदा अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों से जुटाए गए बैंक ऋण के क्षेत्र-वार अभिनियोजन संबंधी आंकड़े, जो सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा अभिनियोजित कुल खाद्येतर ऋण का लगभग 95 प्रतिशत होता है, विवरण I और II में दिए गए हैं।

वर्ष-दर-वर्ष (व-द-व) आधार पर, खाद्येतर बैंक ऋण[2] में अगस्त 2024[3] में संवृद्धि 15.0 प्रतिशत रही जो   एक वर्ष पहले दर्ज किए गए स्तर के समान है।

बैंक ऋण[3] के क्षेत्र-वार अभिनियोजन की मुख्य बातें नीचे दी गई हैं :

- कृषि और संबद्ध कार्यकलापों हेतु प्रदत्त ऋण मजबूत रहा, जिसमें अगस्त 2024 में 17.7 प्रतिशत (व-द-व) की संवृद्धि दर्ज की गई, जबकि अगस्त 2023 में यह 16.5 प्रतिशत थी।
- उद्योग क्षेत्र को प्रदत्त ऋण में संवृद्धि अगस्त 2024 में 9.8 प्रतिशत (व-द-व) पर मजबूत रही जबकि अगस्त 2023 में यह 5.3 प्रतिशत थी। प्रमुख उद्योगों में, 'रसायन और रासायनिक उत्पाद', 'खाद्य प्रसंस्करण', 'पेट्रोलियम, कोयला उत्पाद तथा परमाणु ईंधन' और 'बुनियादी ढांचे' हेतु प्रदत्त ऋण में एक वर्ष पहले की अपनी क्रमशः संवृद्धि दर की तुलना में अगस्त 2024 में अधिक वृद्धि दर्ज की गई,
  जबकि 'मूल धातु और धातु उत्पाद' एवं 'कपडा' हेतु प्रदत्त ऋण की वृद्धि में कमी आई।
- सेवा क्षेत्र को प्रदत्त ऋण में संवृद्धि अगस्त 2024 में कम होकर 15.6 प्रतिशत (व-द-व) रह गई, जबकि एक वर्ष पहले यह 21.0 प्रतिशत थी, जो मुख्य रूप से 'गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी)' और 'व्यापार' खंड हेतु प्रदत्त ऋण में अपेक्षाकृत रूप से कम संवृद्धि के कारण थी। 'वाणिज्यिक स्थावर संपदा', एवं 'कंप्यूटर सॉफ्टवेयर' में ऋण संवृद्धि अगस्त 2024 में बढ़ी।
- वैयक्तिक ऋणों की संवृद्धि अगस्त 2024 में 16.9 प्रतिशत (व-द-व) पर कम थी, जबकि एक वर्ष पहले यह 18.3 प्रतिशत थी, जो मुख्यत: 'अन्य वैयक्तिक ऋणों' और 'वाहन ऋणों' में दर्ज संवृद्धि में कमी के कारण थी।

अजीत प्रसाद
उप महाप्रबंधक (संचार)

प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/1187

---

[1] आंकड़े माह के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार से संबंधित हैं।
[2] खाद्येतर ऋण के आंकड़े माह के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार हेतु धारा-42 विवरणी पर आधारित हैं, जिसमें सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी) शामिल हैं।
[3] किसी बैंक के साथ गैर-बैंक के विलय के प्रभाव को छोड़कर।